## 13-01-2021

## सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान हरियाणा के गुडगाँव जिले में अवस्थित है।
2. उद्यान के भीतर अवस्थित सुल्तानपुर झील (1.21 वर्ग कि. मी.) को वर्ष 1971 में पंजाब वन्यजीव सरंक्षण अधिनियम 1959 की धारा 8 के तहत अभयारण्य का दर्जा दिया गया।
3. हरियाणा में अन्य राष्ट्रीय उद्यान - कालेसर राष्ट्रीय उद्यान यमुनानगर जिले में अवस्थित है।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) केवल 01 (B) केवल 02
(C) केवल 03 (D) उपरोक्त सभी

**(D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** :- हाल ही में दिल्ली में बर्ड फ्लू के मामलों की पुष्टि होने के बाद वन विभाग ने हरियाणा के गुडगाँव जिले में अवस्थित सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान में भी सतर्कता बरनती शुरू कर दी है। हरियाणा के गुडगाँव जिले में में स्थित यह उद्यान दिल्ली से 50 किलोमीटर तथा गुडगाँव से 15 किलोमीटर दूर है।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दू** :-

- ❖ सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान में प्रवासी के साथ-साथ स्थानिक पक्षी भी पाए जाते है, जिसके चलते पक्षी प्रेमियों के बीच यह उद्यान विशेष रूप से लोकप्रिय है।
- ❖ इस उद्यान में प्रवासी पक्षियों का आगमन सिंतबर माह में शुरू होता है, तथा मार्च-अप्रैल तक यह इनका विश्राम स्थल बना रहता है।
- ❖ ग्रीष्म कल तथा मानसून की अवधि के दौरान स्थानिक पक्षियों की विभिन्न प्रजातियाँ यहाँ देखी जा सकती है।
- ❖ उद्यान के भीतर अवस्थित सुल्तानपुर झील (1.21 वर्ग किमी) को वर्ष 1971में पंजाब वन्यजीव सरंक्षण अधिनियम, 1959 की धारा 8 के तहत अभयारण्य का दर्जा दिया गया।
- ❖ जुलाई 1991 में वन्यजीव सरंक्षण अधिनियम के तहत इसे राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा दिया गया।
- ❖ उद्यान में पाए जाने वाले स्तनधारी में कृष्णमृग, नीलगाय, पाढ़ा, सांभर तेंदुआ आदि तथा पक्षियों में साइबेरियन क्रेन, ग्रेटर फ्लेमिगों, डेसीइसेल क्रेन आदि।
- ❖ हरियाणा में अन्य राष्ट्रीय-कालेसर राष्ट्रीय उद्यान जो यमुनानगर जिले में अवस्थित है।

## भारत की 'डबल फिश हुक' रणनीति

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. पूर्वी फिश हुक कम्पोनेंट में भारत का अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, इन्डोनेशिया का सबांग पोर्ट, आस्ट्रेलिया को कोको या कीलिंग पोर्ट और डिएगो गार्शिया शामिल है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

2. पश्चिमी फिश हुक कम्पोनेंट का टिप बिन्दू ओमान का हुकम पोर्ट है।
3. भारत ने अपनी 'डबल फिश हुक' रणनीति का विकास चीन का मुकाबला करने हेतु किया है।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 01 (B) केवल 02
(C) केवल 03 (D) उपरोक्त सभी

**(D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** :- हाल के दिनों में भारत की 'डबल फिश हुक' रणनीति काफी चर्चा में रही है। जिस तरह मछली को पड़कने हेतु हुक (Hook) का इस्तेमाल किया जाता है। भारत ने भी उसी तरह की अपनी रणनीति बनाई है, भारत की रणनीति में दो हुक है, इसलिए इसे डबल फिश हुक रणनीति कहा जा रहा है।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दू** :-

- ❖ भारत की 'डबल फिश हुक' रणनीति में दो हुक है, अर्थात इसके दो कम्पोनेंट है- पूर्वी फिश हुक कम्पोंनेट के तहत, भारत अंडमान-निकोबार द्वीप समूह से लेकर डिएग्रो गार्शिया तक द्वीप शामिल है। जबकि पश्चिमी फिश हुक कम्पोंनेट के तहत हुकम से लेकर डिएग्रो गार्शिया तक के द्वीप क्षेत्र शामिल है। इस प्रकार दोनों ही कम्पोनेट का अंतिम बिन्दू डिएग्रो गार्शिया है।
- ❖ पूर्वी फिश हुक कम्पोनेंट में भारत का अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, इन्डोनेशिया का सबांग पोर्ट, आस्ट्रेलिया का कोको या कीलिंग पोर्ट और डिएग्रो गार्शिया शामिल है।
- ❖ पश्चिमी फिश हुक कम्पोनेंट का टिप बिन्दू ओमान का हुकम पोर्ट है। भारत ने इसे विकसित करने हेतु मैरिटाइम ट्रांसपोर्ट एग्रीमेंट साइन किया है। पश्चिमी फिश हुक कम्पोनेंट में ओमान के हुकम के अलावा हिन्द महासागर आयोग के देश, रीयूनियन द्वीप (फ्रांस) और अंत में डिएग्रो गार्शिया आता है।
- ❖ भारत ने अपनी डबल फिश हुक रणनीति का विकास चीन का मुकाबला करने हेतु किया है। दरअसल डबल फिश हुक रणनीति चीन की स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स की रणनीति का मुकाबला करने के लिए नेकलेस ऑफ डायमंडस रणनीति के साथ भारत का एक समुद्री रणनीति है।

## न्यू फ्रूटफ्लाई प्रजाति

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. शोधकर्ताओं ने सिरूवानी के पास एक गैर-वन क्षेत्र में Tepritidae परिवार से संबंधित इस फ्रुट फ्लाई की पहचान की।
2. वर्तमान में जीनस यूफ्रंटा से फ्रूट फ्लाई की 104 प्रजातियां दुनिया भर में पाई जाती है।
3. वर्तमान में भारत में इसकी 14 प्रजातियां पाई जाती है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) केवल 01 (B) केवल 02
(C) केवल 03 (D) उपरोक्त सभी

**(D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका :-** हाल ही में शोधकर्ताओं ने तमिलनाडु में कोयम्बटूर जिले से फ्लाई (कीट) की एक नई प्रजाति की खोज की है।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-**

- नई प्रजाति पश्चिमी घाट में पारिस्थतिक हॉटस्पॉट सिरूवानी के पास पाई गई है, जिसके कारण इस प्रजाति का नाम सिरूवाानी के नाम पर यूफ्रंटा सिरूवानी रखा गया है।
- शोधकर्ताओं ने सिरूवानी के पास एक गैर-वन क्षेत्र Tephritidae परिवार से संबंधित इस फ्रुट फ्लाई की पहचान की।
- इस शोध पत्र का लेखन यूके के एल. हैनकॉक, के. जे. डेविड और के. सचिन ने राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो बेंगलुरू और अन्नामलाई विश्वविद्यालय से एच.शंकरमन और वन अनुसंधान संस्थान देहरादून से सुधीर सिंह ने किया।
- यह फ्रूट फ्लाई पंखो पर (V) आकार के काले बैंड यूफ्रंटा की अन्य प्रजातियों से भिन्न है। यह फ्रूट फ्लाई फलों से अंडे देती है।
- वर्तमान में जीनस यूफ्रंटा से फ्रूट फ्लाई की 104 प्रजातियां दुनिया भर में पाई जाती है। इन 104 प्रजातियों में से 14 भारत में पाई जाती है।
- फ्रूट फ्लाई के साथ-2 अन्नामलाई विश्वविद्यालय के एस. मणिकावसगम और शंकरमन ने सिरूवानी क्षेत्र में से एक नई फेयरी फ्लाई की प्रजाति की खोज की है।
- यह प्रजाति Mymaridae परिवार से संबंधित है, और इसे 'ओयोमाइमर हयाती'नाम दिया गया है।
- इसका नाम एएमयू के प्रो. मोहम्मद हयात के नाम पर रखा गया है।

□□□□□

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS